# Daily Current Affairs

## Topic 1 :– भारत का व्यापार घाटा

- शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में से 2023-24 की अवधि में भारत का व्यापार घाटा नौ देशों के साथ रहेगा।
- हाल ही मे जारी एक रिपोर्ट के अनुसार चीन के साथ भारत का दोतरफा व्यापार 2023-24 की अवधि में 118.4 अरब डॉलर रहा और जबकि इसी अवधि में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 118.28 अरब रहा।
- जिस कारण चीन अमेरिका को पीछे छोड़ कर वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश बन चुका है।
- एक अनुमान के अनुसार चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया सहित शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में से 2023-24 की अवधि में भारत का व्यापार घाटा नौ देशों के साथ रहा ।

Result Mitra



**व्यापार घाटा :–** आयात और निर्यात के बीच का अंतर ।

रिपोर्ट में दिए आंकड़ों से पता चला की वित्त वर्ष 2023–24 में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ भारत का व्यापारिक घाटा बढ़ा है। जबकि सऊदी अरब, रूस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), इंडोनेशिया और इराक के साथ भारत के व्यापार घाटे में कमी आई है ।

भारत का वित्त वर्ष 2023-24 में व्यापार घाटा चीन के साथ 85 अरब डालर, रूस के साथ 57.2 अरब डालर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डालर जबकि हांगकांग के साथ 12.2 अरब डालर है।

**भारत के प्रमुख चार व्यापारिक साझेदार है जिनके साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता है इसके मुख्य है :–** सिंगापुर, यूएई, दक्षिण कोरिया और इंडोनेशिया (एशियाई गुट के हिस्से के रूप में) ।

## मुक्त व्यापार समझौता (FTA)

इस समझौते के तहत आयात और निर्यात में बाधाओं को कम करने के उद्देश्य से दो या दो से अधिक देशों के बीच एक समझौता किया जाता है।

Result

मुक्त व्यापार नीति के अंतर्गत कम या नियुन्तम सरकारी शुल्क  तथा सब्सिडी जैसे प्रावधान किये जाते है जिससे उपलब्ध वस्तुओं तथा  सेवाओं को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में  खरीदा एवं बेचा जा सकता है,

**प्रश्न. 'रीजनल काम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप (Regional Comprehensive Economic Partnership)' पद प्रायः समाचारों में देशों के एक समूह के मामलों के संदर्भ में आता है। देशों के उस समूह को क्या कहा जाता है? (2016)**

(a) जी- 20
(b) आसियान
(c) एस.सी.ओ.
(d) सार्क


**उत्तर: (b)**

## Topic 2 :– जीरो डेब्रिज चार्टर (ZBC)

**चर्चा में क्यों :–** हाल ही में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) के साथ ही  12 देशों  ने जीरो डेब्रिज चार्टर (ZBC) पर हस्ताक्षर किए

यह हस्ताक्षर ब्रुसेल्स में आयोजित 11 वीं "यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी / यूरोपीय संघ (ESA/EU) अंतरिक्ष परिषद्" की बैठक साथ ही किए गए।

Result Mitra



## "यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी / यूरोपीय संघ :–

इसका गठन  ESA और यूरोपीय संघ (EU) के बीच एक हस्ताक्षरित  फ्रेमवर्क समझौते  किया गया।

इसकी   स्थापना 2004 में की गई थी।

## जीरो डेब्रिज चार्टर :–

यह विश्व की अग्रणी पहल है इसका उद्देश्य अंतरिक्ष मलबे से निपटने और  2030 तक अंतरिक्ष में "डेब्रिज न्यूट्रल" की स्थिति निर्मित  करना है।

अभी तक 12 देशों ने इस पर  हस्ताक्षर किए  हैं: पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया,ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, साइप्रस, एस्टोनिया, स्लोवाकिया, जर्मनी, लिथुआनिया, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम।

Result Mitra

## अंतरिक्ष मलबा (Space Debris) :–

- अंतरिक्ष मलबा के अंतर्गत  ऐसे सैटेलाइट्स जिनका उपयोग किया जा चुका है , उपयोग किए जा चुके रॉकेट ऑब्जेक्ट्स, अंतरिक्ष यान के क्षतिग्रस्त  या टकराव से निर्मित  हुए टुकड़े, एंटी-सैटेलाइट हथियारों के परीक्षणों से निर्मित  मलबे को शामिल किया जाता है।

- ये मानव निर्मित होते है इनका निर्माण मानव द्वारा अंतरिक्ष में भेजे गए इक्विपमेंट से होता है

- यह ऐसे ऑब्जेक्ट होते हैं जो पृथ्वी की कक्षा में या पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश कर सकते  हैं।
- वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में एक सेंटीमीटर से बड़े आकार के अंतरिक्ष मलबे के दस लाख से अधिक टुकड़े घूम  हैं।

## अंतरिक्ष मलबे से  चिंता के कारण :-

- भविष्य में किए जाने वाले नए प्रक्षेपित उपयोगी सैटेलाइट के लिए खतरा इन मालवे के टुकड़े नए प्रक्षेपण सैटेलाइट और अन्य इक्विपमेंट से टकरा सकते हैं पुणे क्षतिग्रस्त कर सकते हैं
- नेवीगेशन सेटेलाइट के लिए खतरा।
- केसलर सिंड्रोम का खतरा: इसके अंतर्गत  पृथ्वी की कक्षा में मलबों की मात्रा में इतनी वृद्धि  हो जाती है जिससे  उनके टकराव का विनाशकारी चक्र प्रारंभ  हो जाता है।
- बड़े अंतरिक्ष मलवे पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करके गुरुत्वाकर्षण के कारण शहरी और निवास स्थान पर गिर सकते हैं जिससे बड़ी मात्रा में जान और माल की हानि हो सकती है

## अंतरिक्ष मलबे से निपटने के लिए प्रारंभ की गई कुछ महत्वपूर्ण  पहलें :-

- भारत  के द्वारा एक अभियान लॉन्च किया गया जिसके तहत 2030 तक मलबा मुक्त अंतरिक्ष मिशन (Debris Free Space Missions: DFSM) प्रारंभ किया जाना   है।
- इस अभियान को भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो के माध्यम से  सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट (IS4OM) द्वारा लागू किया जा रहा है।
- प्रोजेक्ट नेल (नेटवर्क फॉर स्पेस ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग एंड एनालिसिस / NEtwork for space object TRacking and Analysis: Project NETRA) को लॉन्च किया गया जिसका उद्देश्य स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस जारी करना  है।
- जापान ने घोषणा की है कि आने वाले समय में वह अपनी स्पेस एजेंसी की मदद से स्पेस डिब्रिस को पृथ्वी पर पुनः वापस लाने का प्रयास करेगा।

Result Mitra

# Topic 3:– फॉर्म 17C

इसका संबंध निर्वाचन प्रक्रिया से है

हाल ही में निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट कहा की निर्वाचन नियम फॉर्म 17C से संबंधित डेटा को मतदान अधिकारियों के अलावा किसी अन्य संस्था के साथ साझा करने की अनुमति नहीं हैं।

फॉर्म 17C :–

यह निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के तहत संबद्ध है।

फॉर्म 17C के दो भाग होते हैं

ANNEXURE 54
FORM 17C
[See rules 49S and 56C (2)]

PART I – ACCOUNT OF VOTES RECORDED

Election to House of the People/Legislative Assembly of the State/Union Territory ............................
from..............................................................constituency.
Number and Name of Polling Station: .........................
Identification Number of voting Machine used at the Polling Station:
Control Unit...............
Ballot Unit.............
VVPAT ..................

1. Total number of electors assigned to the Polling Station
2. Total number of voters as entered in the Register for Voters (Form 17A)
3. Number of voters deciding not to record votes under rule 49-O
4. Number of voters not allowed to vote under rule 49M
5. Test votes recorded under rule 49MA (d) required to be deducted-
   (a) total number of test votes to be deducted:
       Total No. Sl. No.(s) of elector (s) in Form 17A
       ....................................
   (b) Candidate(s) for whom test vote(s) cast:

ResultMitra

**पहले भाग से जानकारी प्राप्त होती है की :–**

- मतदाताओं के रजिस्टर में निर्वाचकों की संख्या से संबंधित जानकारी;
- मतदान केंद्र के लिए पात्र मतदाताओं से संबंधित जानकारी;
- जिन मतदाताओं की जानकार जिन्होंने अपने मतदान अधिकार का उपयोग न करने का निर्णय लिया है।
- जिन मतदाताओं को मत देने की अनुमति नहीं दी गई है ऐसे मतदाताओं की जानकारी।

**जबकि  दूसरे भाग में -**

प्रत्याशी का नाम; तथा प्रत्याशियों को प्राप्त कुल मत तथा प्रत्याशी से संबंधित अन्य जानकारी सम्मिलित रहती है ।

Result Mitra